राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने राजघाट में महात्मा गांधी और शहीदों को श्रद्धांजलि दी

विजय घाट पर ''सदैव अटल'' समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

जयपुर, 4 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे रविवार प्रातः नई दिल्ली स्थित राजघाट पहुंचे। उन्होंने वहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

बाद में श्री बागडे ने विजय घाट पर बनी पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की ''सदैव अटल'' समाधि पहुंचकर उन्हें भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

—————

आदमी की पहचान
उसके धन या आसन से नहीं होती,
उसके मन से होती है।
मन की फकीरी पर
कुबेर की सम्पदा भी रोती है।